nt>

Title: Need to provide financial assistance to Government of Uttar Pradesh for implementation of free borewell scheme in Bundelkhand region.-Laid.

श्री राम सजीवन (बांदा): उत्तर प्रदेश का दक्षिणी भाग और मध्य प्रदेश का उत्तरी भू-भाग बुन्देलखंड के नाम से जाना जाता है। इसमें उत्तर प्रदेश के सात जिले तथा मध्य प्रदेश के कई जिले शामिल हैं। कई करोड़ की जनसंख्या का यह विशाल भूभाग कंकरीला-पथरीला, ऊंचा-नीचा होने के साथ-साथ इस वर्ा अल्पवृटि एवं समयानुकूल वर्ा न होने के कारण सूखा से प्रभावित हुआ है। धान, ज्वार, बाजरा, अरहर आदि खरीफ की फसलें तथा गेंहू-चना-मटर आदि रबी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। बिजली न मिलने तथा सिंचाई के साधनों के विस्तार में व्यवधान पड़ने के कारण सूखी खेती को बचाया नहीं जा सका। किसानों में सिंचाई के लिए लोकप्रिय फ्री बोर योजनाओं के लिए धन आबंटन नहीं किया गया जिससे फ्री बोर योजना ठप्प पड़ी है। सूखा प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को सिंचाई सुविधायें देने तथा सतत् सूखा प्रभावित क्षेत्र में ठप्प पड़ी फ्री बोर योजना को तीव्र गति से चलाने की महती आवश्यकता है। इसके लिए राज्य सरकार को पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाये।